31.08.2022

मेक्सिको में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित रात्रि भोज पर माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन

भारत के राजदूत, श्री पंकज शर्मा जी;

देवियो और सज्जनो

- मेक्सिको की यात्रा मेरे और मेरे शिष्टमंडल के सदस्यों के लिए हर्ष का विषय है। मेरे शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करने के लिए, हमारे लिए आवश्यक arrangements के लिए आप सभी को हार्दिक धन्यवाद।

- भारत और मेक्सिको के आपसी संबंध ऐतिहासिक रूप से मित्रवत रहे हैं। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संवाद, द्विपक्षीय व्यापार और व्यापक सहयोग में पिछले वर्षों में तेज गति से प्रगति हो रही है।

- यह आपके समर्पित प्रयासों के कारण ही सम्भव हो सका है। आपके अथक परिश्रम का ही परिणाम है कि आज हमारे देशों की साझेदारी को ''विशिष्ट साझेदारी'' का दर्जा प्राप्त है। पर अभी हमें इसे और आगे ले जाना है।

- आप यहाँ पर भारत के प्रतिनिधि हैं। दूतावास का हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी स्तर का अधिकारी हो, कर्मचारी हो, वह इस देश में भारत के प्रतिबिम्ब है। आपके आचरण से, आपके व्यवहार से हमारे देश के बारे में राय बनाई जाएगी। इसलिए आपका आचरण उसी प्रकार का होना चाहिए।

- यहाँ रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए आप ही भारत सरकार हैं। उनकी हर समस्या, हर कठिनाई का समाधान करना आपका दायित्व है। विदेश में आप ही उनके परिवार हैं, उनके सुख दुःख का ख़्याल रखना आपका दायित्व है। आपका कार्य ऐसा होना चाहिए कि यदि कोई भारतीय आपके पास आए तो उसकी समस्याओं का समाधान यहीं मिल जाए।

- यही बात उनके लिए भी लागू होती है जो भारतीय नागरिक नहीं हैं। जो लोग भारत पर्यटन की दृष्टि से आना चाहते हैं अथवा व्यापार की दृष्टि से आना चाहते हैं उन्हें सारी सुविधाएँ प्रदान करना आपका दायित्व है। सुरक्षा जाँच आज के विश्व की एक सच्चाई है। भारत आने वाले हर व्यक्ति की जाँच आवश्यक है। परंतु उन्हें यह ना लगे कि उन्हें harass किया जा रहा है।

- यह सभी छोटी छोटी बातें हैं परंतु यदि इसका ध्यान रखा जाए तो visitors के लिए दूतावास आना एक आनंददायक अनुभव रहेगा और इससे भारत की छवि भी और बेहतर होगी।

- मित्रों, आज भारत और मेक्सिको दोनों ही देश विशाल उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं जिनकी सामाजिक-आर्थिक विकास संबंधी प्राथमिकताएं और चुनौतियाँ भी एक समान हैं। आप इन समानताओं के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए काम करें।

- आप उन क्षेत्रों का पता लगाएँ जिनमे दोनों देशों की economies एक दूसरे की पूरक हो सकती हैं। वे कौन सी वस्तुएँ हैं जिनकी मेक्सिको में बहुतायत है और भारत में कमी है। इसी प्रकार कौन सी वस्तुएँ हैं जिनकी भारत में बहुतायत है और मेक्सिको में कमी है। इस प्रकार आप व्यापार और वाणिज्य में वृद्धि के लिए काम कर सकते हैं।

- यह प्रसन्नता का विषय है कि मेक्सिको के लोगों के मन में भारतीय संस्कृति, राजनीतिक स्थिरता और सामाजिक मूल्यों के संबंध में गहरी रूचि और सम्मान है। योग भारत की एक ऐसी

देन है जिसने पूरे विश्व में अपना प्रभाव फैलाया है। इसी प्रकार हमारी चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में भी कई रोगों के प्रभावी उपचार हैं। हमारी अनमोल विरासत को विश्व के सामने रखना आवश्यक है। उन्हें हमारी संस्कृति, विरासत के बारे में और जागरूक करने के लिए नियमित प्रयास हों।

- मेक्सिको में भारत के नागरिकों की संख्या लगभग 6500 है। वे यहाँ की ज़मीन पर कार्य कर रहे हैं और यहाँ के लोगों से निरंतर सम्पर्क में हैं, इसलिए वे आपके लिए अत्यंत प्रभावी सम्पदा हैं। आप उनके साथ विचार विमर्श करें, निरंतर संवाद करें कि किस प्रकार दोनों देशों के बीच सहयोग को और बढ़ाया जा सकता है। आपका mandate है कि आप भारतीय हितों की रक्षा के लिए और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहें।

- साथियों, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। समान लोकतान्त्रिक आदर्शों वाले देशों के साथ सहयोग बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए हमारा प्रयास हो कि दोनों देशों के बीच नियमित रूप से शिष्टमंडलों के दौरे हों और लोगों के बीच परस्पर संपर्क बढ़े। यह आपसी समझ को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

- इससे हमारे देशों के प्रतिनिधियों को भी एक साथ लाने में सहायता मिलेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच आपसी समझ और विश्वास में वृद्धि होगी।

- मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और भारत और मेक्सिको के लोगों की प्रगति और समृद्धि तथा दोनों देशों के बीच मैत्री और सहयोग की कामना करता हूं।

धन्यवाद।